जेएसपीएल फाउंडेशन ने कुष्ठ निवारण दिवस पर बांटी सुरक्षा निदान-कीट

रायगढ़। जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा कुष्ठ रोग के संबंध में जागरूकता लाने तथा कुष्ठ पीड़ितों की देखभाल के उद्देश्य से कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर वृद्धाश्रम में कुष्ठ पीड़ितों को देखभाल व मरहम-पट्टी में काम आने वाली स्व सुरक्षा निदान कीट का वितरण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए किये गए प्रयासों को याद करने के लिए 30 जनवरी को उनकी पुण्यतिथि पर कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया जाता है।

कौहाकुंडा वृद्धाश्रम में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखाएवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज करते हुए जेएसपीएल फाउंडेशन ने 50 कुष्ठ पीड़ितों को स्व सुरक्षा निदान कीट का वितरण किया। कुष्ठ पीड़ितों को निदान कीट वितरण करते हुए चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफिसर डॉ



एसएन केसरी ने जेएसपीएल फाउंडेशन के सामाजिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आगे भी इसे जारी रखने की अपेक्षा जताई। इस दौरान मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग प्रमुख डॉ स्वपन कुमार सावंता, जिला कुष्ठ नियंत्रण अधिकारी डॉ टीजी कुलवेदी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आरएल डेम्ब्रा, डॉ दिव्या वर्मा, डॉ अंजना, डॉ मंजुलता तिवारी, भारतीय रेडक्रास जिला रायगढ़ शाखा के संतोष अग्रवाल, मुकेश शर्मा, रविंद्र चैरसिया, जिला कुष्ठ नियंत्रण विभाग के आरएस पटेल, एमपी साहू, अर्जुन बेहरा, ललित कुर्रे तथा जेएसपीएल सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक शिशिर तरफदार उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपीएल फाउंडेशन समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। रायगढ़ के कौहाकुंडा स्थित वृद्धाश्रम में भी फाउंडेशन द्वारा नियमित तौर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कुष्ठ पीड़ितों के वृद्धाश्रम में भवन निर्माण, पेयजल व्यवस्था सहित मेडिकल वैन द्वारा उनके प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य जांच में भी जेएसपीएल फाउंडेशन ने अपना पूरा योगदान दिया है।